राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
E-mail: nsscceraj@gmail.com

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

क्रमांकः F.8( )Vandematram/NSS/CCE/2025-00009-8533272 दिनांकः

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः – वंदे मातरम्@150 के उपलक्ष्य में विभिन्न राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।
संदर्भः – अतिरिक्त मुख्य सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर के अ.शा.टीप. क्रमांक प.31(2)क.सं./2025–00095 दिनांक 19.01.2026 एवं विभाग के समसख्यक पत्र दिनांक 19.11.2025 राजकाज नं. 18922475

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि स्वतंत्रता सेनानियों के पथ प्रदर्शक, प्रेरणास्त्रोत, राष्ट्रीय भावना एवं देशभक्ति के भाव को सुदृढ़ करने वाले एवं भारतीय जनमानस की मूल भावना के उद्घोषक वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 07.11.2025 से 07.11.2026 तक वर्षपर्यन्त विभिन्न राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन किया किये जाने हेतु विभाग के सन्दर्भित पत्र द्वारा निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में वंदे मातरम् का द्वितीय चरण दिनांक 19–26 जनवरी, 2026 तक प्रदेश में स्थित समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालया में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं की सहभागिता से वंदे मातरम्@150 पर आधारित प्रश्नोत्तरी, वंदे मातरम् एवं देशभक्ति गीतों पर बैण्ड वादन, सामूहिक गायन, निबन्ध, वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि के आयोजन के साथ दिनांक 23.01.2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर वंदे मातरम्@150 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों तथा दिनांक 26.01.2026 को आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रगान के उपरान्त राष्ट्रगीत का गायन भी विशेष रूप से करवाया जाना है। उक्त आयोजन में सम्बन्धित क्षेत्र में प्रबुद्धजन, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थानों, पंचायत प्रतिनिधियों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नागरिको, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि की भी सहभागिता सुनिश्चित करें।

अतः कार्यक्रम के सफल आयोजन उपरांत कार्यक्रमों/गतिविधियों का विवरण मय फोटोग्राफ्स एवं वीडियों के सूचना संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल www.vandemataram150.in पर अपलोड उपरान्त, सूचना एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, राजस्थान सरकार के पोर्टल Vande Mataram@150 (SSO- Portal) पर भी अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कुल शिक्षा परिषद, जयपुर
4. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. उप शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर।
6. शासन उप सचिव–प्रथम उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
7. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
8. वेबसाईट प्रभारी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक, अकादमिक

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2026.01.22 1?:24:54 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20078347
eSign 1.0

अति–आवश्यक

# राजस्थान सरकार
## कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

विषयः–राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों/गतिविधियों में प्रदेश में स्थित समस्त राजकीय एवं गैर–राजकीय महाविद्यालयों/विद्यालयों/आवासीय विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार लेख है कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में चार चरणों में निम्नानुसार विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन किया जाना हैः–

| क्रमांक | चरण | आयोजन अवधि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण | 07–15 नवम्बर, 2025 (सम्पन्न) |
| 2 | द्वितीय चरण | 19–26 जनवरी, 2026 |
| 3 | तृतीय चरण | 07–15 अगस्त, 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) |
| 4 | चतुर्थ चरण | 01–07 नवम्बर, 2026 |

उक्त आयोजन के द्वितीय चरण के क्रम में दिनांक 19–26 जनवरी, 2026 तक प्रदेश में स्थित समस्त राजकीय एवं गैर–राजकीय महाविद्यालयों/विद्यालयों/आवासीय विद्यालयों आदि में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं की सहभागिता से विभिन्न वंदे मातरम्@150 पर आधारित प्रश्नोत्तरी, वंदे मातरम् एवं देशभक्ति गीतों पर स्कूल बैण्ड वादन, सामूहिक वंदे मातरम् गायन, निबन्ध, वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि के आयोजन के साथ दिनांक 23.01.2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर वंदे मातरम्@150 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों तथा दिनांक 26.01.2026 को आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रगान के उपरान्त राष्ट्रगीत का गायन भी विशेष रूप से करवाया जाना है। उक्त आयोजन में सम्बन्धित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि की भी वृहद् स्तर पर सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी है।

**अतः उक्तानुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये कार्यक्रमों/गतिविधियों का विवरण मय फोटोग्राफ्स एवं वीडियों के सूचना संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल www.vandemataram150.in पर अपलोड उपरान्त, सूचना एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, राजस्थान सरकार के पोर्टल Vande Mataram@150 (S.S.O. Portal) पर भी अपलोड करवाया जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने का कष्ट करे, साथ ही इस हेतु नियुक्त आपके विभाग के नोड़ल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर मय ई–मेल आई.डी. के इस विभाग को प्रेषित करावे।**

(प्रवीण गुप्ता)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव,सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।
3. शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।

---

अ.शा.टीप क्रमांक : प. 31(2)क.सं./2025–00095
जयपुर, दिनांक : 19.1.2026.